कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.09.2023

थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त सावन कुमार उर्फ साजन गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद बैटरी बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0-0243/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त सावन कुमार उर्फ साजन पुत्र मक्खन निवासी अहिराबीर बाबा मंदिर के पास फुलवरिया थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-06.09.2023 को समय करीब 01.12 बजे पहडिया मण्डी के गेट नं0 02 के पास से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गयी बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>विवरण पूछताछ-</u>अभियुक्त सावन कुमार उर्फ साजन ने पूछताछ करने पर बताया कि करीब 10-12 दिन पहले मैने दिन मे पहड़िया मण्डी में एकान्त मे खडे एक ट्रैक्टर की बैटरी चोरी किया था। दिन का समय होने के कारण चोरी की हुई बैटरी को इसी पहडिया मण्डी मे एक बन्द खण्डहर मे ईट से ढक कर मैने छुपा दिया था। आज मौका पाकर पहडिया मण्डी मे छुपाकर रखी चोरी की बैटरी को प्लास्टिक की बोरी मे भरकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में ले जा रहा था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

सावन कुमार उर्फ साजन पुत्र मक्खन निवासी अहिराबीर बाबा मंदिर के पास फुलवरिया थाना कैण्ट कमि0 वाराणसी, उम्र 22 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

01 अदद चोरी की बैटरी (EXIDE DRIVE) रंग लाल 12 वोल्ट बारकोड स्टीकर नं-FEG5DRIVE88L बरामद।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.उ0नि0 ओम नारायण शुक्ल थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 जितेन्द्र कुमार वर्मा थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 सुरेन्द्र मौर्य थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4.का0 मनीष कुमार तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

PRISM